भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1092**

उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

**बिहार के लिए विशेष पैकेज**

†1092. **श्री राजीव प्रताप रूडी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आगामी बजट पर चर्चा करने के लिए जैसलमेर में एक बैठक आयोजित की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या बिहार राज्य सरकार ने इस बैठक के दौरान बिहार के लिए विशेष पैकेज की मांग करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को पटना के निकट सोनपुर में अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड विमानपत्तन के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति और प्रगति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों और ज्ञापनों के आलोक में बिहार की विशिष्ट मांगों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (घ): बजट पूर्व परामर्श के भाग के रूप में विभिन्न हितधारकों और राज्य सरकारों (बिहार सहित) से सुझाव प्राप्त हुए।

सुझावों को ध्यान में रखते हुए, दिनांक 1 फरवरी, 2025 को केंद्रीय बजट 2025-2026 संसद में प्रस्तुत किया गया। इसमें बिहार में हवाई अड्डों के विकास से संबंधित घोषणा (बजट भाषण के पैरा 68) के साथ-साथ राज्य के लिए अन्य विकास पहलें भी शामिल है।

***